prospects in deeper water of Krishna-Go-, davari offshore basin have been tested and oil/gas was discovered in two structures, namely, G-1 and G-2, Data available indicate good prospects in West coast.

(c) It is proposed to initiate the detailed seismic surveys in 1989 and further survey and exploratory drilling are likely to continue to VIIIth Plan and beyond. Cost estimates will, however, be known only after exploration plan is firmed up.

इलाहाबाद में टेलीफोन कनेक्शनों के लिए आवेदकों की संख्या

688. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार इलाहाबाद में स्थायी टेलीफोन कनेक्शन प्राप्त करने के लिए कितने आवेदक थे;

(ख) इन आवेदकों को कब तक टेलीफोन कनेक्शन दे दिये जायेंगे; और

(ग) पिछले दो वर्षों में इलाहाबाद में कितने स्थायी टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किये गये ?

संचारमंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) 30-6-1988 की स्थिति के अनुसार टेलीफोन कनेक्शनों के लिए प्रतीक्षा सूची में 2871 आवेदकों के नाम दर्ज हैं।

(ख) छोटे टेलीफोन जिलों (इलाहाबाद एक छोटा जिला है) के लिए योजना उद्देश्य यह है कि सातवीं योजना अर्थात् 31-3-90 के अन्त तक 1-4-87 तक की औसतन पंजीकृत मांग को पूरा कर दिया जाए । बाकी आवेदकों को आठवीं योजना अवधि के शुरू में उत्तरोत्तर टेलीफोन दे दिए जायेंगे ।

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान 591 फोन कनेक्शन प्रदान किए गए ।

कोयला खानों में नियुक्तियां

689. **श्री अजीत जोगी :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मध्य प्रदेश की कोयला खानों में स्थानीय लोगों की अवहेलना करके बड़ी संख्या में अन्य राज्यों के लोगों की नियुक्ति करने में की जा रही अनियमितताओं की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) ऐसी नियुक्तियां करने के लिए उत्तरदायी लोगों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) जी, नहीं । परन्तु, यह बात उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय लोक उपक्रमों में रोजगार को केवल स्थानीय जनता तक ही सीमित नहीं रखा जा सकता है । नियमों के अन्तर्गत उपक्रमों को स्थानीय रोजगार केन्द्रों के जरिए भर्ती करनी होती है । इस कार्रवाई से उपक्रमों में स्थानीय जनता को रोजगार प्राप्त करने के पर्याप्त अवसरों का सुनिश्चय हो जाता है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

सौर ऊर्जा से मंहगा ऊर्जा उत्पादन

690. **श्रीमती वीणा वर्मा :**
श्री कपिल वर्मा :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सौर ऊर्जा से बिजली का उत्पादन अन्य स्रोतों की तुलना में लगभग 17 गुना अधिक मंहगा होता है और इसके लिये